कोटद्वार, मंगलवार
14 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 195 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


# सुरंग में फंसे मजदूरों को जल्द सकुशल बाहर निकालना पहली प्राथमिकता : धामी

## राहत और बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न हो, सीएम ने सिलक्यारा पहुंचकर मौके का जायजा लिया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को उत्तरकाशी के सिलक्यारा के पास सुरंग में हुए भू-धसाव की घटना का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं टनल में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति को जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव एवं राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों और विभिन्न एजेंसियों को परस्पर बेहतर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य उच्च दक्षता और पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान के लिए बाहर से जिस तरह के संसाधनों व तकनीकी सहायता की आवश्यकता होगी उसे सरकार यथाशीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई भी आवश्यकता होने पर शीघ्र शासन को सूचित किया जाए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा में अधिकारियों से रेस्क्यू के बारे में जानकारी लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी संभव विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बचाव कार्य के लिए बड़े व्यास के ह्यूम पाइप हरिद्वार और देहरादून से भेजे जाने की व्यवस्था कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया की ईश्वर की कृपा और बचाव अभियान में जुटे लोगों के अथक प्रयासों के चलते सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन के माध्यम से टनल में फंसे श्रमिकों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना से निपटने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। साथ ही हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को भी राहत और बचाव कार्यों में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, एनएचआईडीसीएल सहित अन्य एजेंसी के अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए मलवा हटाने का कार्य निरंतर जारी है, मलवा हटाने के लिए हैवी एक्सकैवेटर मशीनों को जुटाया गया है। दरकते मलबे को थाने के लिए मशीनों से शार्टक्रीटिंग की जा रही है। टनल में फंसे मजदूरों से पाइप के जरिये संदेशों का आदान प्रदान किया गया है। पाइप लाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। इसी पाइप लाइन के जरिए रात में चने के पैकेट कंप्रेसर के जरिए दबाव बनाकर टनल में फंसे श्रमिकों तक भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री के साथ घटना स्थल पर पहुंचे गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने भी राहत और बचाव कार्यों को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञ एवं रेस्क्यू अभियान में जुटे दस्तों के प्रमुख सहित यमुनोत्री क्षेत्र के विधायक संजय डोभाल, ब्लॉक प्रमुख डुंडा शैलेन्द्र कोहली, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र राणा और राष्ट्रीय मंत्री स्वराज विद्वान मौजूद थे।

## वॉकी–टॉकी से हुई सुरंग में फंसे मजदूरों से बात, 34 घंटों से फंसे हैं 40 मजदूर

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन से 40 मजदूर पिछले 34 घंटे से फंसे हुए हैं जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी है। सुखद खबर है कि मजदूरों से वॉकी–टॉकी पर बात हुई है जिसमें उन्होंने बताया कि वे सभी सुरक्षित हैं।

मजदूरों ने रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीम से खाना मांगा जिस पर उन्हें पाइपलाइन के जरिए चने व ड्राई फूड के पैकेट भेजे गए हैं। वहीं सुरंग से मलबा हटाने का काम भी लगातार जारी है। बीते रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से करीब 230 मीटर अंदर भारी भूस्खलन हुआ था जिससे सुरंग बंद हो गई थी।

इससे सुरंग की खोदाई में लगे 40 मजदूर वहीं अंदर फंस गए थे। घटना की सूचना के बाद से पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी के करीब 150 से अधिक जवान राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं।इसी बीच सुखद खबर है कि सोमवार सुबह सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों से रेस्क्यू टीम ने वॉकी–टॉकी के जरिए बातचीत की जिसमें सभी ने उनके सुरक्षित होने की जानकारी दी है।

## कॉर्बेट में बाघ ने श्रमिक को मौत के घाट उतारा

हल्द्वानी : कॉर्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र में जंगल के अंदर झाड़ी कटान का कार्य कर रहे एक कॉर्बेट श्रमिक पर बाघ ने हमला बोलते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। ढिकाला जोन पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जा रहा है, जिसको लेकर पार्क प्रशासन के अधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं।

इसी के क्रम में मूल रूप से नेपाल के रहने वाले 22 वर्षीय शिवा नाम का युवक अपने परिजनों के साथ ही 10 सदस्यों के साथ विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में ढिकाला क्षेत्र के मचान संख्या एक में झाड़ी कटान कार्य कर रहा था। इसी बीच अचानक बाघ ने शिवा पर हमला बोल दिया। शिवा की चीख पुकार सुनकर साथ में मौजूद परिजन व विभागीय कर्मचारी उसे बचाने के लिए मौके पर दौड़े। शोर मचाया लेकिन बाघ ने शिवा को अपने जबड़े में ही दवाए रखा।

इसके बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा बाघ को भगाने के लिए दो से तीन राउंड हवाई फायर किए गए। उसके बाद लहू लूहान हालत में शिवा के परिजन व विभागीय कर्मचारी उसे उपचार के लिए रामनगर सरकारी अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पार्क डायरेक्टर धीरज पांडेय ने बताया कि घटना स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मृतक कई दिनों से झाड़ी काटने का काम करता था। (एजेंसी)

## पत्थर की चपेट में आने से घोड़ा संचालक की मौत

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ पैदल मार्ग पर पत्थर की चपेट में आने से एक घोड़ा संचालक की मौके पर मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। बीते रविवार देर शाम को केदारनाथ पैदल मार्ग जंगल चट्टी के पास अचानक पहाड़ी से एक पत्थर आया, जो पैदल मार्ग पर राह चल रहे एक घोड़ा संचालक के सिर लगा। जिससे उसकी मौके पर मौत पर हो गई। पैदल मार्ग पर चल रहे अन्य घोडा संचालकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर डीडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर पहुंची, जहां मृत व्यक्ति को गौरीकुण्ड पहुंचाया गया। (एजेंसी)

# राममय हुई अयोध्याः एक साथ जले 22.23 लाख दीये

## सीएम योगी ने की सरयू नदी की आरती

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या दीपोत्सव 2023 में नया दीये जलाने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। पहले 18 लाख 81 हजार दिए जलाए जाने का रिकॉर्ड था, जिसे तोड़ते हुए इस बार के दीपोत्सव कार्यक्रम में 22 लाख 23 हजार दीये जलाए जाने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। दीयों की गणना ड्रोन कैमरे के जरिए की गई। रिकॉर्ड बनने पर सीएम योगी आदित्यनाथ को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया है। सैकड़ों वॉलंटियरों की टीमों ने घंटों की मेहनत से 24 लाख दिए प्रवजल्लित किए थे।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बृजेश पाठक सहित कई नेता और 50 से ज्यादा देशों के राजदूत अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। राम की पैड़ी सहित सरयू के अन्य घाटों पर 24 लाख दिए जलाए गए थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी की आरती की थी। सरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी पर जारी दीपोत्सव कार्यक्रम में लेजर शो के जरिए रामलीला दिखाई गई।

12 नवंबर को दिवाली के दिन सूर्यास्त शाम 05:29 बजे होगा, ऐसे में प्रदोष काल शाम 05:29 बजे से शुरू होगा। दिवाली पर प्रदोष काल में लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त 05:39 बजे से शाम 07:35 बजे तक है। इस बार शाम में दिवाली की लक्ष्मी पूजा के लिए आपको एक घंटा 56 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा। लक्ष्मी पूजा निशिता मुहूर्त रात 11:39 बजे से लेकर देर रात 12:32 बजे तक है।

### 24 घंटे में बदली दिल्ली की आबोहवा

# आज एक्यूआई 900 के पार, सांसों में 140 फीसदी घुला जहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में पटाखों पर बैन के बावजूद जमकर आतिशबाजी हुई। जिसके बाद एक बार फिर दिल्ली ही नहीं एनसीआर की हवा पूरी तरह से बिगड़ गई है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता 900 के पार पहुंच गई है। जिसको देखते हुए सरकार ने बैठक बुलाई है। प्रदूषण में पिछली सुबह से 24 घंटे की अवधि में 140 फीसदी की भारी वृद्धि दर्ज हुई है।

दिवाली के एक दिन बाद दिल्ली में हवा की गुणवत्ता फिर से खराब स्तर पर पहुंच गई है। दिवाली के एक दिन बाद हवा में मौजूद सभी कणों में सबसे हानिकारक पीएम2.5 आज सुबह 7 बजे 200.8 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दर्ज आंकड़ों के मुताबिक, दिवाली की




सुबह ये आंकड़ा 83.5 था।

सीपीसीबी के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली के रोहिणी, आईटीओ और दिल्ली आईजीआई समेत ज्यादातर इलाकों में पीएम2.5 और पीएम10 प्रदूषण का स्तर 500 तक पहुंच गया। वहीं दिल्ली के लाजपत नगर और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम सहित कई इलाकों में एक्यूआई 900 से ऊपर बताया गया। दिल्ली में कल दिवाली के दिन आठ वर्षों में सबसे अच्छी वायु गुणवत्ता देखी गई, लेकिन एनसीआर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होने के बाद आज सुबह अधिकांश इलाकों में एक्यूआई 500 को पार कर गया।

हवा की गुणवत्ता के बारे में पता करने के लिए सरकार अलग–अलग जगहों पर एयर क्वालिटी को मापने वाले मीटर को लगाती है। यह एक थर्मामीटर की तरह काम करता है और हवा की गुणवत्ता के बारे में पता करने का काम करता है। हवा की गुणवत्ता खराब होने के कारण आंख, गले और फेफड़े से जुड़ी तकलीफ बढ़ने लगती है। इसका सबसे बड़ा खतरा बच्चों और बूढ़ों पर होता है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अक्तूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत पर, चार महीने के निचले स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाने–पीने की कीमतों में कमी होने से अक्तूबर महीने में खुदरा महंगाई में गिरावट आई है और यह चार महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत पर थी। इससे पहले, जून में महंगाई दर 4.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अक्टूबर बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023–24 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह 2022–23 के 6.7 प्रतिशत के मुकाबले कम है।सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर दो प्रतिशत घट–बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

# सेवा भारती ने गरीबों को कंबल और बच्चों को कापियां बांटी




विकासनगर। विकासनगर स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर बाल संस्कार केंद्र शेरपुर धर्मावाला खंड में सेवा भारती की ओर से गरीबों को कंबल और बच्चों को कॉपियां वितरित की। इस मौके पर सेवा भारती की ओर से मुख्य अतिथि मनिंदर रावत ने सेवा भारती विकासनगर टीम के सेवा भाव कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा भारती के माध्यम से चल रहे केंद्र पर बच्चों के संस्कार देखकर सेवा भाव को जगाया है। केंद्र पर छोटे-छोटे बच्चों ने गो माता पर गीत सुनाया है। कहा कि भोली भाली सीधी-साधी गाय माता सबको दूध मीठा पिलाती है, सबको सुख पहुंचती है। कहा कि गौ माता है सुख दाता, इसका दर्शन सबको भाता। मनिंदर रावव ने सेवा भारती का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सेवा भारती के केंद्रों पर सहयोग देने के लिए कहा है। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह रमोला ने कहा कि यह सेवा कार्य सभी के सहयोग से चलने वाले हैं। रमोला ने केंद्र की शिक्षिका सरिता और पूजा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने ही सेवा कार्य को चुना है। जिससे कि समाज के सम्मानित व्यक्ति इस कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में शकुंतला, बुरासी, मोहिनी, संगीता, सानिया, नीलम, समिता, किरण, बबीता, पूजा, सेवा भारती की टीम में जिला संरक्षक सुनील पालीवाल, जिला एडमिन अरुण विजय, जिला शिक्षा आयाम प्रमुख चंद बाजार, सहसपुर खंड के युवा भारती के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह दयाल आदि मौजूद रहे।




## श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्र आनन्द गिरी ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्र आनन्द गिरी ने शिष्टाचार भेंट कर मुख्यमंत्री को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### मातम में बदली दो परिवारों की खुशियां

ऋषिकेश। शहर में दीपावली की खुशियां दो परिवारों के लिए मातम में बदल गई। कोयलघाटी पर स्कूटरों के आपस में टकराने से एक युवक और युवती की मौत हो गई। जबकि, सवार चार लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्स में भर्ती कराया। शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हरिद्वार-ऋषिकेश नेशनल हाईवे स्थित कोयलघाटी तिराहे के पास यह हादसा हुआ। दुर्घटना में ऋतिक (18) पुत्र मुकेश निवासी कालेकीढाल, ऋषिकेश और आरती (20) पुत्री प्रकाश चंद निवासी आमपड़ाव, इंदिरानगर, कोटद्वार की दर्दनाक मौत हो गई। अंकित (19) और तरूण (14), दक्षक (15) सभी निवासी कालेकीढाल, ऋषिकेश, विशाल राजभर (21) निवासी चंद्रेश्वरनगर, ऋषिकेश जख्मी हो गए।

### सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में सोमवती अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों में सुबह से दोपहर तक श्रद्धालु उमड़े। देव डोलियों ने भी गंगा घाटों में पहुंचकर स्नान किया। ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों पर सोमवार सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु जुटने लगे। त्रिवेणीघाट, नाव घाट, साईं घाट, दयानंद घाट, शत्रुघनघाट, सीता घाट, रामझूला घाट आदि जगहों पर श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे। सुबह से दोपहर तक स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। सोमवती अमावस्या पर भद्रकाली सहित कई देव डोलियों ने ऋषिकेश के गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया।

### बाप और दो बेटों पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

रुड़की। कान्हावाली के युवक ने छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। इसे नाराज आरोपियों ने युवक के दोस्त को फोन पर धमकाकर जातिसूचक शब्द कहे। पीड़ित ने फोन करने वाले आरोपी और उसके दो बेटों के खिलाफ खानपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लक्सर के कान्हावाली गांव का राजेश पुत्र मोहर सिंह गत दिवस लक्सर आया था। यहां तहसील मुख्यालय के पास खानपुर थाने के गिद्धावाली निवासी कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी।

# प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है अन्न कूट महोत्सव : स्वामी हरिबल्लभ दास शास्त्री

हरिद्वार। श्री स्वामीनारायण आश्रम भूपतवाला में स्वामी हरि बल्लभ दास शास्त्री महाराज के सानिध्य में सैकड़ों गुजरातियों ने भगवान श्री स्वामीनारायण की पूजा अर्चना के साथ नव वर्ष उत्साह व उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर स्वामी हरिबल्लभ दास शास्त्री महाराज ने कहा कि गुजरातियों का नववर्ष दीपावली से अगले दिन अन्नकूट पर्व से प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि अन्नकूट का पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। उन्होंने अन्नकूट महोत्सव का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने ग्वाल बालों के साथ गोवर्धन पर्वत की पूजाकर उन्हें प्रकृति पर्वत और नदियों का महत्व समझाया क्योंकि यह शरीर पंचतत्व से बना है जिसमें यह पांचो तत्व समाहित है इनकी रक्षा करना इनका संवर्धन करना प्रत्येक प्राणी का कर्तव्य है। अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत भगवान श्री स्वामीनारायण को 56 भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर गुजरातियों ने गायन, नृत्य, भजन आदि द्वारा श्री स्वामीनारायण भगवान की पूजा-अर्चना की। आश्रम के संचालक श्री आनंद स्वरूप शास्त्री के संयोजन में गुजरातियों ने जहां नव वर्ष मनाया वहीं आश्रम में भगवान श्री स्वामीनारायण, गंगा माता की पूजा अर्चना कर उन्हें 56 भोग अर्पित किये। कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि नगर निगम में भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि श्री स्वामीनारायण आश्रम भूपतवाला सेवा, सुमिरन और मानव सेवा का केंद्र है जहां पर श्री स्वामीनारायण संप्रदाय वड़ताल गादी की परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन आश्रम के संस्थापक श्री स्वामी हरि बल्लभ दास शास्त्री महाराज के सानिध्य एवं निर्देशन में हो रहा है यहां पर संत सेवा, गौ सेवा एवं अतिथि सत्कार की जो परंपरा शुरू की गई है उसका सफल संचालन स्वामी आनंद स्वरूप शास्त्री कर रहे हैं। श्री स्वामीनारायण आश्रम भूपतवाला में इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान सूरत से आए श्री स्वामीनारायण एचवी विद्यालय सूरत के कोषाध्यक्ष चंदू भाई, दिनेश भाई, रमेश भाई, हेमंत भाई एवं उनके परिजनों ने भगवान श्री स्वामीनारायण की पूजा अर्चना कर संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों को आश्रम के संचालक स्वामी आनंद स्वरूप शास्त्री, जेन्द्र शास्त्री, गंगासागर स्वामी आदि ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# जलते पटाखे से गोदाम में लगी आग, परिवार फंसा



हरिद्वार। भेल सेक्टर दो से सटे हजारीबाग में जलता हुआ पटाखा गिरने से कबाड़ी के गोदाम में विकराल आग लगने से एक परिवार की जान पर बन आई। आनन-फानन में पहुंचे दमकलकर्मियों ने परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इधर, बेहोश हुए गोदाम स्वामी को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। पांच दमकल वाहन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में लाखों के नुकसान की बात सामने आई है। ज्वालापुर क्षेत्र के हजारीबाग में धर्मवीर निवासी मोहल्ला तेलियान का कबाड़ का गोदाम है। दीपावली की देर शाम जलता हुआ रॉकेट गोदाम में जा गिरा। देखते ही देखते गोदाम में रखे गत्ते ने आग पकड़ ली। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप ले लिया। गोदाम में लगी आग से पीछे रह रहे नाती राम कश्यप के घर में धुआं भर गया। धुंआ भर जाने से बुजुर्ग नाथीराम कश्यप, उनका बेटा रोहित कुमार, उसकी गर्भवती पत्नी तपस्या कश्यप, भाई कोमल कुमार घर के अंदर फंस गए। परिवार के सदस्यों ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। आस पास के लोग एकत्र होने लग गए। घटना की सूचना दमकल महकमे को दी गई। सीएफओ अभिनव त्यागी, एफएसओ शिशुपाल सिंह नेगी की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पाने के साथ घर में फंसे सभी सदस्यों को सकुशल बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। दमकलकर्मियों ने पांच दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर पहुंचा गोदाम स्वामी बेहोश गया, जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल भेजा गया। अग्निकांड में गोदाम में रखा कबाड़ स्वाहा हो गया और घर के अंदर लगा एसी पूरी तरह से जल गया। यही नहीं फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे भी खराब हो गए। आग से खिड़की और दरवाजों के शीशे भी चटक गए। सीएफओ अभिनव त्यागी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित निकाल लिए गए थे। गोदाम स्वामी की भी हालत सही है। प्रथम दृष्टया कई लाख का नुकसान होने की बात सामने आ रही है, जिसका आंकलन किया जा रहा है।

## गो माता की पूजा कर परिवार की एकता की मन्नत मांगी

विकासनगर। दीपावली के बाद अगले दिन पछुवादून में पशुपालकों ने गो माता का पूजन कर गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया। पशुपालकों ने अन्न पूजा, परिवार पूजा, प्रकृति पूजा, पशुधन और संपत्ति आदि की पूजा की। गोवर्धन पूजा सामाजिक-व्यावहारिक रूप से एक सम्मिलित परिवार के बीच आपसी प्रेम, प्रतिष्ठा, एकता और मेलजोल की प्रधानता का दिन है। वैदिक रीति और मान्यता के अनुसार इस गोवर्धन पूजा पर वरुण, इंद्र, अग्नि की पूजा की जाती है। साथ में गायों का श्रृंगार करके उनकी आरती की जाती है और उन्हें फल मिठाइयां खिलाई जाती हैं।

पशुपालकों ने गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाई, इसके बाद उसकी पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य से पूजा की। एक ही रसोई से घर के हर सदस्य का भोजन बनाया गया। इसमें प्याज, लहसुन जैसे तामसी खाद्य का प्रयोग नहीं किया गया। भोजन बनाकर सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाया। लक्ष्मणपुर में गो माता की पूजा कर रही रामवती देवी ने बताया कि एक साथ भोजन करने घर में खूब समृद्धि और सुमति आती है।

# क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई दीपावली

## रंग-बिरंगी लड़ियों से सजे भवन, फूटे पटाखें

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में दीपावली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने दीये जलाए और रंग-बिरंगी लड़ियों से घरों को सजाया। महिलाओं ने रंगोली सजाई, वहीं बच्चों ने आतिशबाजी कर दीपावली की खुशी मनाई। त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से निपटने से पुलिस और प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

रविवार रात अधिकांश घरों में दीपावली का पूजन किया गया। रात के समय भवन रंग-बिरंगी लड़ियों से जगमगा उठे। दीपावली में पटाखों के खतरे को लेकर प्रशासन पहले से ही अलर्ट रहा। पटाखों के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने शहर से बाहर पटाखों की दुकानों को लगाने की व्यवस्था की थी। पुलिस ने शहर में भीड़ कम करने के लिए नया ट्रैफिक प्लान भी लागू किया था। भारी वाहनों का नगर में प्रवेश वर्जित रहा, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था ठीक रही। देर शाम तक पटाखे खरीदने के लिए लोगों की भी भीड़ उमंड़ी हुई थी। झंडाचौक से लेकर भाबर तक फायर बिग्रेड भी अलर्ट मोड पर रहा। दीपावली को शाम सात बजे से देर रात तक पटाखे छूटते रहे।

### पटाखे जलाने से झुलसे

दीपावली के दिन पटाखे जलाने के दौरान कुछ लोग मामूली रूप से झुलस भी गए थे। देर रात तक राजकीय बेस अस्पताल में झुलसे हुए लोग पहुंच रहे थे। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दीपावली को देखते हुए बेस अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भी चिकित्सकों की विशेष टीमें तैनात की गई थी।



पटाखे जलाकर दीपावली मनाते लोग



बेलाडाट स्थित शोरूम में लगी आग

### इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग

दीपावली की रात बेलाडाट स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे शोरूम में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी इशम सिंह ने बताया कि बेलाडाट स्थित सुमित इलेक्ट्रिकल्स में आग की सूचना मिलते ही दमकल टीम को मौके पर भेजा गया था। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा दी गई थी। वहीं, शोरूम स्वामी का कहना है कि रात करीब दस बजे वह दुकान बंद करने के बाद चले गए थे। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि शोरूम से आग की लपटे निकल रही है। आग लगने से उनके शोरूम में रखा करीब बीस लाख रुपये का सामान खाक हो गया।

# संभल कर रहे गाड़ीघाट से कुंभीचौड़ का सफर, हादसों का बना है खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : यदि आप गाड़ीघाट से कुंभचौड़ का सफर कर रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरअसल, मार्ग पर जगह-जगह क्षतिग्रस्त पड़े चैंबर कब आपको चोटिल कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता।

लगातार शिकायत के बाद भी नगर निगम चैंबर मरम्मत की सुध नहीं ले रहा।

गाड़ीघाट तिराहे से कुंभीचौड़ को जाने वाले मार्ग पर कुछ माह पूर्व ही चैंबरों की मरम्मत करवाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में यहां लगे लाहे के चैंबर भी टूट चुके हैं। क्षेत्रवासी शहजाद, मुकेश कुमार ने बताया कि नगर निगम की ओर से चैंबर में हल्के स्तर की सामग्री का प्रयोग किया गया है, जिसमें भारी वाहन चलते ही यह टूट जाते हैं। छह माह के भीतर दूसरी बार चैंबर टूट चुके हैं। जिस स्थान पर चैंबर हैं उसके समीप ही विद्यालय भी संचालित होता है। ऐसे में बच्चों को भी खतरा बना हुआ है। दो दिन पूर्व ही रात के समय एक स्कूटी सवार चैंबर की चपेट में आने से चोटिल हो गया था।

पूर्व में शिकायत के बाद भी अधिकारी व कर्मचारियों ने स्थिति का जायजा नहीं किया। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द चैंबर मरम्मत करवाई जानी अति आवश्यक है।



कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत में गाड़ीघाट तिराहे के समीप क्षतिग्रस्त चैंबर

# अंशिका, प्रियांशु, शालिनी व अरूण रहे प्रथम

## द्वारीखाल ब्लॉक के न्याय पंचायत जमेली में हुआ खेल महाकुंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत न्याय पंचायत जमेली के खेल महाकुंभ में अंडर-14 व अंडर-17 बालक-बालिका वर्ग की कई प्रतियोगिताएं हुईं। अंडर-14 वर्ग में अंशिका और प्रियांशु काला, अंडर-17 में शालिनी और अरुण सिंह प्रथम स्थान पर रहे।

खेल महाकुंभ का उद्घाटन धारी की ग्राम प्रधान किरन देवी व खेल संयोजक प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान हुई 600 मीटर की अंडर-14 वर्ग की दौड़ में अंशिका और प्रियांशु काला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद वर्ग में अंशिका-आयुष चौहान और गोला फेंक प्रतियोगिता में सलोनी प्रथम रही। 3000 मीटर दौड़ के अंडर-17 वर्ग में अमन सिंह और शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में अमन सिंह-आरती, लंबी कूद प्रतियोगिता वर्ग में सोनम-अभिषेक, चक्का फेंक प्रतियोगिता में अरुण कुमार-आंचल नेगी प्रथम रहे। इस दौरान खेल संयोजक नागेंद्र सिंह चौहान, क्रीड़ा प्रभारी दिनेश सिंह रावत, संकुल प्रभारी बीना बिष्ट, पुष्कर सिंह, जयदेव बडोनी, योगेश कुकरेती, लक्ष्मी विलास देवरानी, जितेंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।

# सिद्धबली बाबा मंदिर में चोरी का प्रयास, फलाहारी बाबा मंदिर से उड़ाई नगदी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीते 11 नवंबर की रात को चोरों ने सिद्धबली बाबा मंदिर में चोरी की कोशिश की और फलाहारी बाबा मंदिर के शिवालय का छोटा दानपात्र तोड़कर वहां से नकदी चुरा ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई और मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

फलाहारी बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष सुमित नेगी ने बताया कि मंदिर परिसर के शिवालय का छोटा दानपात्र तोड़कर वहां से करीब ढाई हजार रुपये की नकदी चुरा ली गई।

वहीं, सिद्धबली मंदिर समिति के मैनेजर शैलेश जोशी ने बताया कि शनिवार रात 2 बजे एक चोर मंदिर के शिवालय में घुसा। उसने मंदिर के छोटे दानपात्र तोड़े और नकदी एक कपड़े में एकत्र करने लगा। इसी बीच आवाज सुनकर गार्ड मौके पर पहुंचा तो नकदी छोड़कर चोर भाग गया। यह सब सीसीटीवी में कैद हुआ। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। एसएसआई जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि मामले में अभी मंदिर समिति की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### बेहतर कार्यों के लिए डा. नंदकिशोर को मिला सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : साहित्यिक संस्था साहित्यांचल के संरक्षक डा. नंदकिशोर ढ़ौंडियाल को उनकी साहित्य रचना के लिए अखिल भारतीय कला, साहित्य संस्कृति अकादमी वर्धा महाराष्ट्र की ओर से स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से अलंकृत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था की ओर से आज 14 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित कर उनका अभिनंदन किया जायेगा। नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिक्षाविद चंद्रपाल सिंह नेगी मुख्य अतिथि, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी अति विशिष्ट अतिथि और पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका पूरण सिंह रावत विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष सीपी नैथानी ने दी।

# दीपावली पर्व पर सिद्धबली में जलाएं 501 दिए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जयदेव भूमि फाउंडेशन ने अयोध्या की तर्ज पर कोटद्वार के सुप्रसिद्ध मंदिर श्री सिद्धबली बाबा परिसर के शिवालय को फूलों से बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया एवं 501 दिए जलाकर दीपावली मनाई।

जयदेव भूमि फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी सुधांशु थपलियाल ने बताया कि छोटी दीपावली व बड़ी दीपावली पर फाउंडेशन की तरफ से अयोध्या की तर्ज पर सिद्धबली मंदिर के शिवालय को सुंदर ढंग से फूलों से सजाया गया, साथ ही 501 दिए जलाकर दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। बताया कि अगली बार हम कोशिश करेंगे कि सिद्धबली धाम को 1001 दिए जलाकर जगमग करें। इस अवसर पर उनका सहयोग यशिका जखवाल, रितिका, शालू, शालिनी काला, प्रीति जखमोला, दीपिका जखमोला, भानु गर्ग, भूमिका अग्रवाल ने निभाया।




दीपावली पर्व पर सिद्धबली मंदिर में दिये जलाते हुए जयदेव भूमि फाउंडेशन के सदस्य।

# नई टिहरी में हर्षोल्लास से मनाई दीपावली, लोगों ने खेला भैलो





नई टिहरी : टिहरी जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों में पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन बनाये, बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। लोगों ने एक दूसरे को खील बतासे, मिठाई और पकवान दिये।

रविवार को टिहरी जिले में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन उड़द की दाल की पकोड़ी और स्वाले बनाये और अपने पास पड़ोस के साथ नाते रिश्तदारों को उपहार स्वरूप मिठाई भेंट की। दीपवाली पर्व पर लोगों ने अपने घरों के आंगन और खेतों में भैलो भी खेला। नई टिहरी, घनसाली, चमियाला, नरेन्द्रनगर, थत्यूड़, लंबगांव, चंबा, नैनबाग, देवप्रयाग सहित अन्य बड़े छोटे कस्बों में दीपवाली पर्व पर खूब चहल पहल रही, लोगों ने खूब खरीददारी की और एक दूसरे को दीपवाली की बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व पर रात को भोजन के बाद ढोल वादकों ने ढोल दमाऊं बजाकर ग्राम देवता का आह्वान किया, देवता के पश्वा के साथ ग्रामीणों ने भी नृत्य किया। लोगों ने चीड़ के लकड़ी के छिलकों की गठरियों को रस्सियों पर बांधकर भेलों खेला। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने दीपवाली पर्व पर घरों की देहरियों पर रंगोली बनाने के साथ घरों को रंग बिरंगी लाइटों, दीये और मोमबती जलाकर सजाया। साथ लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर धन, अन्न और सुख समृद्धि की कामना की। बच्चों ने देर रात तक जमकर आतिशबाजी की। उधर नई टिहरी कोतवाली के थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि दीपवाली पर्व पर किसी तरह की आगजनी के साथ जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अमित राय ने बताया कि अस्पताल में भी जलने और झुलसने से संबंधित किसी प्रकार का मामला नहीं आया है। (एजेंसी)

# विधायक पुंडीर ने किया भाऊवाला में मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ



विकासनगर। सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाऊवाला में क्षेत्रीय विधायक ने मार्ग निर्माण का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय लोग मार्ग निर्माण की मांग कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मार्ग निर्माण से लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। विधायक ने कार्यदायी संस्था को मार्ग निर्माण में गुणवत्ता बनाये रखने व समय सीमा के भीतर मार्ग निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने ग्राम पंचायत भाऊवाला के अंतर्गत मार्ग निर्माण कार्य का सोमवार को पूजा अर्चना कर शुभारभ किया। ग्राम भाउवाला में शिव मंदिर घाटी से नरेंद्र ठाकुर, वीर सिंह रावत आदि के घरों की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति काफी समय से खराब थी। जिसके निर्माण हेतु क्षेत्रवासी मांग कर रहे थे। समस्या का संज्ञान लेकर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने उक्त मार्ग निर्माण कार्य को खनन न्यास निधि के अंतर्गत स्वीकृत करवाया।

कहा कि आधा किमी मार्ग का निर्माण कार्य 9.62 लाख की लागत से पूर्ण किया जा रहा हैं। विधायक पुंडीर ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनका कर्तव्य हैं। क्षेत्रवासियों की आवागमन की सुविधा को ध्यान रखकर विभिन्न क्षेत्र में अलग अलग मद से मार्ग निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस मौके पर विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भाऊवाला रमा थापा, ग्राम प्रधान बडोवाला सुमित वर्मा, प्रदेश संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ यशपाल नेगी, बीर सिंह रावत, वीरेश थापली, जहिर अहमद, इंतजार अहमद, आदि मौजूद रहे।

# दीपोत्सव देता है पवित्रता का संदेश : पण्ड्या



हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज एवं देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में उत्साहपूर्वक दीपावली मनाई गयी। दीपोत्सव के अवसर पर शांतिकुंज की बहिनों ने गायत्री तीर्थ व देसंविवि परिसर को आकर्षक रंगोलियों से सजाया। पर्व के मुख्य कार्यक्रम में गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल दीदी ने वैदिक कर्मकांड के साथ बही खाते का पूजन किया। गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. पण्ड्या ने कहा कि दीपोत्सव घरों, कार्यालयों, दुकानों, कारखानों आदि को प्रकाशित और पवित्र बनाये रखने का संदेश देता हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने आप को इतना पवित्र व स्वच्छ बनायें, जिससे मां लक्ष्मी हमें स्वीकार करें और अपनी कृपा से आच्छादित करें। संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने कहा कि दीपावली के अवसर पर प्रज्ज्वलित होने वाला दीपक हम सभी को प्रकाशित होने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि उसी मनुष्य का जीवन धन्य है, जिनके जीवन में गतिशीलता है, मानसिक स्वच्छता है, ईर्ष्या, द्वेष से परे है। दीपोत्सव का वैदिक कर्मकाण्ड संस्कार प्रकोष्ठ के आचार्यो ने सम्पन्न कराया।

# रॉकेट ने शहर में किया 5.30 लाख का नुकसान



रुड़की। दिवाली पर रॉकेट ने शहर में तीन जगह पर आग लगा दी। इस वजह से करीब 5.30 लाख रुपये का नुकसान हुआ।। देररात तक अग्निशमन की टीम आग बुझाने में लगी रही। दिवाली पर हर साल आग लगने की घटनाएं होती रहती है। रविवार रात लक्ष्मी पूजन के बाद शहर भर में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस आतिशबाजी में एक घर का मीटर, एक कबाड़ गोदाम में आग लग गई। इसके अलावा अग्निशमन को सूचना मिली कि डाकघर के पास अशोक कुमार अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। जबकि बच्चे विदेश में नौकरी करते हैं। इस बीच एक रॉकेट ने घर के एक गद्दे में आग लगा दी। गद्दे के आग पकड़ने पर वह बिजली मीटर तक पहुंच गई। इस बीच दंपति की आंख खुली। उन्होंने सूचना अग्निशमन विभाग तक पहुंचा दी। इसके बाद टीम ने विद्युत कनेक्शन बंद कर कर आग पर काबू पाया। इसके बाद टीम स्टेशन की ओर रवाना हो गई लेकिन फिर पैथोलॉजी लैब की गली में बीएसएम चौक के पास कबाड़ गोदाम में रॉकेट से आग लगी। उसे बुझाने के लिए अग्निशमन को करीब एक घंटे तक पसीना बहाना पड़ा।

# चरस तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार



विकासनगर। थाना कालसी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान चरस तस्करी के आरोप में दो स्कूटर सवार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत कालसी पुलिस ने अभियान के दौरान दो स्कूटर सवारों की तलाशी ली। तलाशी में आरोपियों किशन सिंह पुत्र बल बहादुर निवासी ग्राम हथियारी कटापत्थर विकासनगर और बिद्धु पुत्र माडिया, निवासी रिखाड़ तहसील चकराता के पास से 914 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कालसी रविंद्र सिंह नेगी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। स्कूटर को पुलिस ने थाने में सीज कर दिया है।

## धूमधाम से मनाई दीपावली

**पौड़ी** : जनपद में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जिले के दूरस्थ राठ क्षेत्र में पूरे पारंपरिक तरीके से दीपावली का त्योहार मनाया गया तो वहीं शहर में भी शहरवासियों ने दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। लोगो ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद देर रात तक पटाखे फोड़कर दीपावली का पर्व मनाया। जिला अस्पताल के पास शहर वासियों ने पारंपरिक तरीके से भैलो खेलते हुए दीपावली का पर्व मनाया।

## निगम के टाल में लगी लाग, 400 कुंतल लकड़ी जली

**पौड़ी** : दीपावली की देर रात को पौड़ी-श्रीनगर रोड पर चौखंबा होटल के पास वन विकास निगम के टाल में आग लग गई। यहां पर आग लगने से लगभग 400 कुंतल लकड़ी जलकर राख हो गई। आग लगने से वन विकास निगम को करीब 1 लाख 20 हजार का नुकसान हो गया है। कड़ी मशक्कत के बाद फायर पुलिस ने आग पर काबू पाया। दीपावली की देर रात को पौड़ी-श्रीनगर रोड पर चौखंबा होटल के पास वन विकास निगम के टाल में आग लग गई। वन विकास निगम के यूनिट इंचार्ज जगत रतूड़ी ने बताया कि आग लगने से करीब 400 कुंतल लकड़ी जल गई है। जिससे 1 लाख 20 हजार का नुकसान हुआ है। अग्निशमन अधिकारी सुनील दत्त तिवारी ने बताया कि आग की सूचना रविवार की देर रात साढ़े 12 बजे मिली। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया कि पटाखों से शहर व आस पास के क्षेत्रों में कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## तिलक हाउस ने जीता क्रिकेट का फाइनल

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल सप्ताह का समापन हो गया है। इस दौरान क्रिकेट के फाइनल में तिलक हाउस विजेता रहा।

प्रधानाचार्य धीरेंद्र मोहन रतूड़ी ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। बताया कि अंतिम दिवस पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में तिलक हाउस विजेता और रमन हाउस उप विजेता रहा। वहीं सीनियर ब्वॉयज फुटबाल में सुभाष हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। अंत में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## दीपावली की रात चोरों ने तोड़े घर के ताले, नगदी और सामान किया साफ

**पौड़ी** : जनपद मुख्यालय में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चार दिन के भीतर चोरों ने चोरी की दूसरी घटना को अंजाम दिया है। जिससे शहर वासियों में भय बना हुआ है। मोहल्ले वासियों ने चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

दीपावली की रात को चोरों ने कंडोलिया रोड के नजदीक लाइब्रेरी के पास नगर पालिका के पूर्व सभासद के घर में ताले तोड़ कर नगदी व अन्य घरेलू सामान चोरी कर दिया। चोरों ने इस मोहल्ले में 4 दिनों के भीतर चोरी की दूसरी घटना को अंजाम दिया है। इससे पूर्व यहां पर चोरों ने यहां पर करीब दो महीने पहले एक वकील के घर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जिसका पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। इस मोहल्ले में लगातार हो रही चोरी से मोहल्ले वासियों में भय का माहौल बना हुआ है। कोतवाल गोविंद कुमार का कहना है कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़े

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ 2023 का आयोजन न्याय पंचायत कंडारा में किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाणपत्र तथा 300, 200,150 रूपये की नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकसाल ने दीप प्रज्वलित कर खेल महाकुंभ का उदघाटन किया। उन्होंने अंडर-14 एवं अंडर-17 बालक-बालिका 60 मीटर और 600 मीटर दौड़ का शुभारंभ किया। प्रमुख ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। पढ़ाई एवं खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है। खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग जरूर लेना चाहिए। आज खेल क्षेत्र में भी रोजगार के सुनहरे अवसर हैं। कहा कि छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़े।



मुख्य अतिथि खेल महाकुंभ की विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते हुए।

इस मौके पर ग्राम प्रधान कंडारा विनोद गुसांई, अ.रा.ई.कॉ. कंडारा प्रधानाचार्य चंद्र शेखर नौटियाल, सुरेश सिंह पंवार, बिश्व पति नारायण डबराल, मनोज कुमार, नरेश बडोली, श्रीमती सोनिका रमोला, सुजाता मैठाणी, निविदिता जोशी, गोविन्द सिंह रावत, सुखदेव सिंह, विक्रम सिंह, सुनील बमराड़ा, जगमोहन सिंह, प्रदीप कुमार, बलविंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

## प्रसिद्ध मंजीन कांडा मंजूघोष मेला आज से, तैयारियां पूरी

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर से 13 किमी. दूर देहलचौरी स्थित कांडा गांव में दो दिवसीय प्रसिद्ध मंजू घोषेश्वर मेला आज मंगलवार से लगेगा। दीपावली के अगले दिन लगने वाला मंजू घोषेश्वर मेला को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। श्रीनगर-देहलचौरी मोटर मार्ग पर कांडा स्थित मंजू घोषेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष दीपावली के अगले दिन प्रसिद्ध कांडा मेला लगता है। मेले को लेकर मंदिर समिति एवं प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर दी गई है। मेले को लेकर लोगों को काफी उत्साह बना हुआ है। दूर-दराज से पहुंचकर लोग यहां झंडे के रूप में निशान लेकर यहां पहुंचते है और सिद्धपीठ मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर में चढ़ाते है। मंजुघोषेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद भट्ट ने बताया कि मंदिर में लगने वाले दो दिवसीय कांडा मेले की तैयारियां पूरी कर दी गई है। (एजेंसी)

## हाथियों ने मचाया नगला में उत्पात

**रुद्रपुर(सं)।** नगला बाईपास पर जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने सड़क किनारे रखे पांच खोखे और उनमें भरा हजारों का सामान पूरी तरह से तहस–नहस कर दिया है। वहीं सड़क किनारे बिखरे सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। रविवार देर रात नगला बाईपास पर करीब 40 से 50 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने वहां सड़क किनारे लगा ओमवीर मौर्या का खोखा और उसमें भरा करीब नौ हजार का सामान, मनोज सिंह कार्की का खोखा और उसमें भरा करीब छह हजार का सामान, संतोष चौहान का खोखा और उसमें भरा पांच हजार का सामान, रमेश पंत का खोखा और उसमें भरा करीब 12 हजार का सामान एवं राजू मौर्या का खोखा और उसमें भरा सात हजार का सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। देर रात करीब दो बजे पता चलने पर स्थानीय दुकान स्वामी जब मौके पर पहुंचे तो हाथियों का झुंड वहां से जा चुका था। घटना के बाद वहां सड़क पर बिखरे सामान पर दो युवकों ने हाथ साफ कर दिया। जब तक दुकान स्वामी अपने–अपने खोखे के समीप पहुंचे, अंधेरे का लाभ उठाकर सामान समेत दो युवक वहां से भाग निकले।

## समस्याओं पर भड़का बीएड प्रशिक्षित युवा संघ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया है।

संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि संघ लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को उठाता आ रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से मांगों पर कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण प्रशिक्षितों में रोष व्याप्त है।

मौके पर प्रशिक्षितों ने बीआरसी व सीआरसी पदों पर स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत अंकों की बाध्यता को समाप्त करने, असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती लिखित परीक्षा से कराने, शासकीय विद्यालयों में नियुक्ति आयोग के माध्यम से कराने व नियुक्ति में यूपी की तरह अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता को समाप्त करने व राजकीय इंटर कालेजों में प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती में बीएड प्रशिक्षितों को भी मौका देने की मांग की।

बैठक में डा. अजय खंतवाल, बबीता भारद्वाज, सुनील डोबरियाल, आशीष डोभाल, प्रदीप, संजना, साक्षी नेगी, नीलम नेगी और विजय कुमार सहित अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार मौजूद रहे।

## श्रीनगर में हर्षोल्लास से मनाई दीपावली

**श्रीनगर गढ़वाल** : प्रकाश पर्व दीपावली रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। लोगों ने विधि-विधान के साथ लक्ष्मी और गणेश की पूजा की। साथ ही अपने घरों, दुकानों व दफ्तरों को रंग बिरंगी झालरों, दीयों और मोमबत्ती से जगमग कर दिया। दीपावली पर्व पर पूरा शहर रोशनी से चमचमाता दिखा। इस दौरान चारों ओर हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। घरों को विद्युत झालरों से सजाने के बाद लोगों ने घर के कोने-कोने में घी व तेल के दीये के साथ मोमबत्ती जलाई। इसके बाद सभी ने अपने परिवार के साथ लक्ष्मी, गणेश और धन कुबेर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाम होते ही गांव से लेकर शहर प्रकाश की रोशनी से जगमग हो उठा। वहीं आतिशबाजी से आसपास के गांव व शहर गुलजार रहें। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर दीपोत्सव की बधाई दी। दीयों की रोशनी से घर-आंगन जगमग रहे। शहर में दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण से मनाया गया। (एजेंसी)

## मोदी की अगुवाई में फिर बनेगी भाजपा सरकार : भगत

**रुद्रपुर(सं)।** कालाढूंगी विधायक वंशीधर भगत ने दावा किया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में प्रचंड बहुमत से जीत कर तीसरी बार सरकार बनाएगी। अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाकर भाजपा अधूरे कार्यों को पूरा करने का कार्य करेगी। सोमवार को भाजपा नेता किशन गोयल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे कालाढूंगी विधायक भगत ने पत्रकार वार्ता की। कहा कि भाजपा सरकार ने धारा 370 हटाने व राम मंदिर निर्माण का अपना वादा पूरा किया। आरोप लगाया कि कांग्रेस को लगता था कि धारा 370 और राम मंदिर जैसे मुद्दों का अल्पसंख्यक वर्ग विरोध करेगा हुए सड़कों पर उतरेगा। लेकिन आज का अल्पसंख्यक वर्ग राष्ट्रीय धारा से जुड़ने के लिए उत्सुक है, इसलिए किसी ने विरोध नहीं किया। मोदी सरकार ने कोरोना काल में कीर्तिमान स्थापित किया। भगत ने आरोप लगाया कि कुछ लोग मोदी को हटाने के लिए गठबंधन कर रहे हैं, जबकि वह अपने परिवार में गठबंधन कर नहीं पाए। दावा किया कि चुनाव तक उनका गठबंधन खत्म हो जाएगा। इसके बाद भगत ने पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश पंत के निवास स्थान पर जाकर उनके भाई चंद्रशेखर पंत की पत्नी जया पंत को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पत्रकार वार्ता के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदनलाल खुराना, मंडी समिति अध्यक्ष कमलेन्द्र सेमवाल, विजय प्रकाश यादव, किशन गोयल, अजयपाल यादव, मनमोहन सक्सेना, विवेक राय, पूरन भट्ट, महेन्द्र पाल, मुकेश कोली, शरीफ मलिक आदि रहे।

## मासूम बच्ची की हत्या में आरोपी ताई गिरफ्तार, जेल भेजा

**रुद्रपुर(सं)।** तीन वर्षीय मासूम आयत को उसकी ताई मुस्कान ने ही गला दबाकर मार डाला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। शनिवार को नयागांव निवासी तीन वर्षीय आयत पुत्री महफूज खान को अचेतावस्था में अस्पताल में लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मौत संदिग्ध होने के कारण जांच की तो सीसीटीवी फुटेज में आयत को नजदीकी रिश्ते की ताई मुस्कान अपने घर से गोद में उठाकर पास के निर्माणाधीन मकान में ले जाते दिखी। निर्माणाधीन मकान के बाथरूम में अचेतावस्था में आयत मिली थी। एसएसआई हरविंदर कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी आयत की मौत दम घुटने से बताई गई है। पुलिस ने आरोपी मुस्कान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि कुछ माह पूर्व उसकी पुत्री की मौत हुई थी। हालांकि मौत निमोनिया से हुई थी, लेकिन उसे आयत के परिवार से चिढ़ हो गई थी। पुलिस ने आरोपी मुस्कान को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## भाजपा नेता के घर के पास से काटा चंदन का पेड़

**रुद्रपुर(सं)।** भाजपा नेता के घर के पास स्थित तालाब के किनारे से चोर एक चंदन का पेड़ काटकर ले गए। पालतू कुत्ते के भौंकने पर परिजन जाग गए। परिजनों ने मौके पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घायल पड़ा देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और संदिग्ध अवस्था में मिले व्यक्ति को अपने साथ ले गई। शनिवार रात वार्ड नौ स्थित भाजपा नेता अमल राय के परिजनों के अनुसार कुत्ते की भौंकने की आवाज पर घर में सभी जाग गए। उन्हें तालाब किनारे किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी। सभी वहां पहुंचे तो देखा एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खेत में पड़ा है। पास ही आरी और कुल्हाड़ी भी पड़ी थी। शक होने पर सभी तालाब किनारे पहुंचे तो वहां लगभग ढाई फीट गोलाई का चंदन का पेड़ गायब था। पास ही पेड़ की टहनियां पड़ी थीं। मौके से मिले व्यक्ति से पुलिस पूछताछ कर रही है। इसी जगह से तीन साल पहले भी चोर एक चंदन का पेड़ काट ले गए थे। वहीं थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति युवक नशेड़ी किस्म का प्रतीत हो रहा है।

# सम्पादकीय

## सुरक्षा मापदंडों की अनदेखी

उत्तरकाशी जनपद में निर्माण अधीन एल में फंसे 40 मजदूर को निकालने का काम अभी भी पूरा नहीं हो पाया है, जो सीधे तौर पर यह दर्शाता है कि उत्तराखंड में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट कहीं ना कहीं यहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए मुसीबत भी बन सकते हैं। खासतौर से अति संवेदनशील क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर सुरक्षा को लेकर खतरे में है। यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन से 40 मजदूर पिछले 34 घंटे से फंसे हुए हैं जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मजदूरों को अभी भी निकल नहीं जा सका है लेकिन प्रशासन कम से कम मजदूरों से संपर्क करने में सफल रहा है और उन्हें किसी तरह खाद्य रसद पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है 40 मजदूरों को सुरंग से बाहर निकलना जो एक बेहद जटिल कार्य है। राहत कार्यों के लिए एसडीआरएफ स्थानीय सुरक्षा एजेंसियां काम कर रही है लेकिन इस प्रकार के जो गेम भरे कार्यों में जिस प्रकार के प्रारंभिक उपाय किए जाने चाहिए वह नजर नहीं आ रहे हैं। टनल में कार्य करने वाले मजदूरों के लिए ह्यूम पाइप डाला जाता है ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति में हुए इन पाइपों के माध्यम से बाहर आ सके। घटना के रोज इस महत्वपूर्ण कार्य की अनदेखी की गई। राहत कार्य में हालांकि कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है लेकिन 2 दिन से अधिक का समय हो चुका है और मजदूरों को अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। उत्तराखंड में कई ऐसे प्रोजेक्ट संचालित है जहां हर वक्त जान का जोखिम बना रहता है। पिछले दिनों ही चमोली में करंट की घटना आज तक उत्तराखंड वालों के मन में बसी हुई है जिसमें एक पुलिस कर्मचारियों की अतिरिक्त अन्य लोगों की जांच चली गई थी। ऊर्जा उत्पादन आधारित प्रोजेक्ट एवं टनल जैसे कार्यों में भारी जोखिम बना रहता है लेकिन अधिकांशतः देखा गया है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रबंधन की अनदेखी की जाती है। उत्तराखंड में पहाड़ों को काटकर किया जाने वाला कार्य का वैसे तो विरोध भी किया जाता रहा है लेकिन विकास के लिए ऐसे कार्य भी जरूरी है हालांकि यह निश्चित करना बेहद जरूरी है कि कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन किया जाए। फिलहाल तो सभी मजदूरों के सब कुशल बाहर निकालने की प्रतीक्षा है और सरकार एवं जिला प्रशासन इसके भर्षक प्रयास भी कर रही है। सुखद पक्ष यह है कि श्रमिकों से बातचीत की जा रही है एवं वे अभी तक सुरक्षित बताए जा रहे हैं हालांकि किस प्रकार की मनोदशा से इस वक्त गुजर रहे होंगे यह तो पैनल में फंसा व्यक्ति सबसे बेहतर जान सकता है।

# भूकंप से कैसे कम हो जोखिम

**योगेश कुमार गोयल**

नवम्बर 3 को आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी नेपाल में आए 6.4 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से 157 से ज्यादा लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए हैं नेपाल में आए शक्तिशाली भूकंप का असर नेपाल से सटे बिहार व उत्तर प्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल, झारखंड और दिल्ली (छ्वद्गद्यद्धद्व) तक महसूस किया गया। विशेषज्ञों के मुताबिक जिस इलाके में 500 साल पहले भीषण भूकंप आया हो, उस इलाके में 8 या उससे ज्यादा तीव्रता वाला शक्तिशाली भूकंप आने का खतरा होता है, और नेपाल में यह खतरा बरकरार है। दरअसल, विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के मुताबिक पश्चिमी नेपाल की सतह के नीचे 500 वर्षो से भूकंपीय ऊर्जा जमा हो रही है, और यह शक्ति इतनी ज्यादा है कि इससे रिक्टर स्केल पर 8 या उससे भी अधिक तीव्रता वाला भूकंप आ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल में 1505 में आया भूकंप इतना शक्तिशाली था कि उससे जमीन 20 मीटर तक खिसक गई थी। वह भूकंप 8.5–8.7 तीव्रता का था। उसी से दिल्ली की कुतुबमीनार से लेकर ल्हासा तक काफी नुकसान हुआ था। 1505 के भूकंप के बाद सबसे भयावह भूकंप 1934 के भूकंप को माना जाता है, जिससे काठमांडू से लेकर बिहार तक भारी नुकसान हुआ था।

जहां तक भारत में भूकंप के खतरों की बात है तो नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (ह्ष्टस्) के एक अध्ययन में बताया जा चुका है कि 20 भारतीय शहरों तथा कस्बों में भूकंप का खतरा सर्वाधिक है, जिनमें दिल्ली सहित नौ राज्यों की राजधानियां भी शामिल हैं। हिमालयी पर्वत श्रृंखला क्षेत्र को दुनिया में भूकंप को लेकर सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, और एनसीएस के एक अध्ययन के अनुसार भूकंप के लिहाज से सर्वाधिक संवदेनशील शहर इसी क्षेत्र में बसे हैं।

कई भूगर्भ वैज्ञानिक आशंका जता चुके हैं कि भूकंप के छोटे–छोटे झटके बड़े भूकंप के संकेत हो सकते हैं। कई विशेषज्ञ दिल्ली से बिहार के बीच 7.5–8.5 तीव्रता के बड़े भूकंप की आशंका जता चुके हैं।



दिल्ली–एनसीआर में तो भूकंप के झटके बार–बार लगते रहे हैं। हालांकि एनसीएस की ओर से कहा गया है कि दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में आने वाले भूकंप के झटकों से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि जोखिम कम करने के उपायों पर जोर देने की जरूरत है। यह भी कहा गया है कि ऐसी कोई तकनीक नहीं है, जिससे भूकंप आने के समय, स्थिति और तीव्रता की सटीक भविष्यवाणी की जा सके। भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली–हरिद्वार रिज में खिंचाव के कारण धरती बार–बार हिल रही है।

यहां रह–रहकर भूकंप के झटकों से पता चल रहा है कि यहां कई भू–गर्भीय फॉल्ट सक्रिय हैं, जिनकी वजह से बड़ा भूकंप भी आ सकता है, लेकिन उसका कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता। इंडियन प्लेट हिमालय से लेकर अंटार्कटिक तक फैली है, जो हिमालय के दक्षिण में जबकि यूरेशियन प्लेट हिमालय के उत्तर में है। भूकंप वैज्ञानिकों के अनुसार 8.5 तीव्रता वाला भूकंप 7.5 तीव्रता के भूकंप के मुकाबले करीब 30 गुना ज्यादा शक्तिशाली होता है। रिक्टर स्केल पर 5 तक की तीव्रता वाले भूकंप को खतरनाक नहीं माना जाता लेकिन यह भी क्षेत्र की संरचना पर निर्भर करता है।

भूकंप के लिहाज से दिल्ली एनसीआर को काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन–4 में आता है। एक अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली में करीब 90 फीसद मकान क्रंक्रीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसद इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकंप को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के एक अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसद हिस्सा जोन–5 में आता है, जो भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी बताया जा चुका है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6–6.6 तीव्रता का भूकंप झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5–5.5 तीव्रता का भूकंप ही सह सकती हैं।

विशेषज्ञ बड़ा भूकंप आने पर दिल्ली में जान–माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि दिल्ली में प्रति वर्ग किलोमीटर में करीब दस हजार लोग रहते हैं, और कोई भी बड़ा भूकंप 300–400 किलोमीटर की रेंज तक असर दिखाता है। रिक्टर पैमाने पर जितनी ज्यादा तीव्रता का भूकंप आता है, उतना ही ज्यादा कंपन होता है। रिक्टर पैमाने का हर स्केल पिछले स्केल के मुकाबले 10 गुना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। जहां रिक्टर पैमाने पर 2.9 तीव्रता का भूकंप आने पर हल्का कंपन होता है, वहीं 7.9 तीव्रता के भूकंप से इमारतें धराशयी हो जाती हैं। बहरहाल, बार–बार लग रहे भूकंप के झटकों को देखते हुए अधिकांश विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में इमारतों को भूकंप के लिए तैयार करना शुरू कर देना चाहिए ताकि बड़े भूकंप के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# एआईः बंटते हुए प्रतिमान?

विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिका और चीन इस समय आर्टिफिशियल के क्षेत्र में दो अग्रणी देश हैं, लेकिन वे अलग–अलग प्रतिमानों के आधार पर इस तकनीक को विकसित करने में जुटे हुए हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के प्रतिमान तय करने के लिए पश्चिमी देशों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक लंदन में शुरू हो गई है। इस बैठक से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एआई कंपनियों के लिए तय किए कायदों का एक आदेश अपने देश में जारी किया। लंदन की बैठक में कुल 27 सरकारों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। गौरतलब है कि विभिन्न क्षेत्रों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ जहां इसकी अपार संभावनाओं से दुनिया परिचित हो रही है, वहीं इस तकनीक पर से मानवीय नियंत्रण खत्म होने की आशंका भी पैदा हुई है। इसके अलावा इससे इंसानी नौकरियों के लिए खतरा पैदा होने और साइबर हमलों के अधिक खतरनाक जैसे अंदेशे भी गहराए हैं। लंदन की बैठक ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पहल पर हो रही है। पिछले हफ्ते सुनक ने जोर दिया था कि उनका लक्ष्य सुरक्षा के मामले पर एक अंतरराष्ट्रीय समझ को विकसित करना है। ह्वाइट व्हाइट हाउस ने एआई के इस्तेमाल केलिए जो सुरक्षा मानक तय किए हैं, उसके तहत कंपनियों को अपने कुछ खास तरह के सिस्टम सरकारी समीक्षा के लिए जमा करने होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के प्रतिमान तय करने के लिए पश्चिमी देशों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक लंदन में शुरू हो गई है। इस बैठक से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एआई कंपनियों के लिए तय किए कायदों का एक आदेश अपने देश में जारी किया। लंदन की बैठक में कुल 27 सरकारों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। गौरतलब है कि विभिन्न क्षेत्रों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ जहां इसकी अपार संभावनाओं से दुनिया परिचित हो रही है, वहीं इस तकनीक पर से मानवीय नियंत्रण खत्म होने की आशंका भी पैदा हुई है। इसके अलावा इससे इंसानी नौकरियों के लिए खतरा पैदा होने और साइबर हमलों के अधिक खतरनाक जैसे अंदेशे भी गहराए हैं। लंदन की बैठक ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पहल पर हो रही है। पिछले हफ्ते सुनक ने जोर दिया था कि उनका लक्ष्य सुरक्षा के मामले पर एक अंतरराष्ट्रीय समझ को विकसित करना है। ह्वाइट व्हाइट हाउस ने एआई के इस्तेमाल केलिए जो सुरक्षा मानक तय किए हैं, उसके तहत कंपनियों को अपने कुछ खास तरह के सिस्टम सरकारी समीक्षा के लिए जमा करने होंगे।

इसे निजी क्षेत्र में सरकार का दखल माना गया है, लेकिन इसे सामाजिक हित में जरूरी भी समझा जा रहा है। इस बैठक से कुछ रोज पहले ही चीन ने एआई संचालन के लिए अपना दस्तावेज जारी किया था। विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिका और चीन इस समय एआई के क्षेत्र में दो अग्रणी देश हैं, लेकिन वे अलग–अलग प्रतिमानों के आधार पर इस तकनीक को विकसित करने में जुटे हुए हैं। यह अच्छी बात है कि लंदन की बैठक में चीन को भी आमंत्रित किया गया है। मगर इस समय पश्चिम और चीन के बीच जिस तरह की होड़ चल रही है, उसमें उनके बीच किसी भी मुद्दे पर सहमति बनना कठिन हो गया है। इसलिए ये आशंका गहरा गई है कि एआई संचालन के दो प्रतिमानों के बीच दुनिया बंट सकती है। ऐसा हुआ, तो इंटरनेट का भी बंटवारा भी हो सकता है। इसीलिए लंदन बैठक के नतीजों पर सबकी नजर है। वहां संचालन नियमों पर सहमति बने, यह सबकी कामना है।

# दीपावली पर 'वोकल फॉर लोकल' की धूम, हुआ 3.75 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार, चीन को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दीपावली के त्योहारी सीजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, 'वोकल फॉर लोकल' का असरदार जादू देखने को मिला है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि दीपावली पर देशभर में 3.75 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार हुआ है। दूसरी तरफ चीन को करीब एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान संभावित है। इसकी वजह, लोगों ने अपने त्योहारों को सेलिब्रेट करने के लिए चीन में बनी वस्तुएं खरीदने से गुरेज किया है। भारतीय बाजारों में 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम सफल होती हुई नजर आई।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, दीवाली पर 'भारतीय उत्पाद–



सबका उस्ताद' अभियान की जबरदस्त धूम मची रही। खरीदारी के वक्त लोगों का झुकाव 'वोकल फॉर लोकल' पर रहा। इस वर्ष के दिवाली सीजन में देशभर के बाजारों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड तोड़ व्यापार हुआ है। सभी त्योहारों पर ग्राहकों द्वारा जमकर भारतीय वस्तुओं की खरीदारी की गई। अभी गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह आदि त्योहार बाकी हैं। इनमें भी लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। इस बार चीन को दिपावली पर्व पर लगभग एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

कैट के पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व के वर्षों में दीवाली के त्योहारी सीजन पर चीन से बनी वस्तुओं को भारत में लगभग 70 फीसदी बाजार मिल जाता था। इस बार वह प्रतिशत नीचे आ गया है। देश के व्यापारी वर्ग ने इस बार दीपावली से संबंधित वस्तुओं को चीन से आयात करने का आर्डर नहीं दिया। कैट ने इस दीवाली पर देश भर में 'भारतीय उत्पाद–सबका उस्ताद' अभियान चलाया, जो बेहद सफल रहा है। इस मुहिम को देशभर के ग्राहकों का बड़ा समर्थन मिला है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार 3.5 लाख करोड़ रुपये के त्योहारी व्यापार में, लगभग 13 फीसदी राशि खाद्य एवं किराना, 9 फीसदी ज्वेलरी पर, 12 फीसदी वस्त्र एवं गारमेंट, 4 फीसदी ड्राई फ्रूट व मिठाई नमकीन, 3 फीसदी घर की साज सज्जा, 6 फीसदी कॉस्मेटिक्स, 8 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3 फीसदी पूजन सामग्री एवं अन्य वस्तुएं, 3 फीसदी बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2 फीसदी कॉन्फेक्शनरी एवं बेकरी, 8 फीसदी गिफ्ट आइटम्स, 4 फीसदी फर्निशिंग एवं फर्नीचर व शेष 20 फीसदी ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य अनेक वस्तुओं और सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए गए।

## इंदिरापुरम के आदित्य मॉल में लगी आग, पहली मंजिल पर भरा धुआं, सभी को निकाला गया सुरक्षित

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद स्थित इंदिरापुरम के आदित्य मॉल में सोमवार शाम आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। आगजनी की घटना मॉल की पहली मंजिल पर हुई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग लगी थी। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। सभी को वक्त रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि कुछ देर के लिए पहली मंजिल पर धुआं भर जाने से अंदर लोग काफी भयभीत नजर आए। मॉल के अंदर दूसरे माले पर मल्टीप्लेक्स बने हुए हैं, जहां घटना के वक्त काफी संख्या में लोग फिल्म देख रहे थे। आगजनी की घटना के बाद प्रबंधन ने पूरे सिनेमाघर को खाली करा लिया। हालांकि इस दौरान सीढ़ियों से नीचे उतरते वक्त लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि वहां लाइट नहीं है, अंधेरे में ही नीचे उतरना पड़ा। साथ ही बाहर निकलने का मार्ग दिखाने वाले चिन्ह भी दीवारों पर अंकित नहीं थे। ये हमारी जिंदगियों के साथ खिलवाड़ा है। इस लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## कर्नाटक सरकार नई ईवी नीति में बुनियादी ढांचे पर देगी ध्यान, एक लाख नौकरियां होंगी पैदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार अगले पांच वर्षों के लिए अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति को संशोधित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राज्य सरकार ने अपनी नई ईवी नीति का एक मसौदा जारी किया है जिसके जरिए वह लगभग 50,000 करोड़ रुपये का निवेश लाने की योजना बना रही है। ईवी नीति के मसौदे में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने और आने वाले दिनों में ईवी अपनाने में तेजी लाने में मदद करने के लिए बिजली शुल्क कम करने जैसी अन्य पहलों के अलावा नौकरी के अवसर पैदा करने का भी प्रस्ताव है। कर्नाटक, जहां भारत के कई वाहन निर्माताओं स्थित हैं, इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में सबसे बड़े राज्यों में से एक है।

कर्नाटक की संशोधित मसौदा इलेक्ट्रिक वाहन नीति (2023–28) को जल्द ही अपनाए जाने की उम्मीद है। इसके तहत राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए मॉडल ईवी शहरों को विकसित करने की भी योजना है। इस पहल के लिए निर्धारित कुछ शहरों में कालाबुरागी, बेलगावी, हुबली–धारवाड़ और मैसूरु शामिल हैं। ईवी नीति के मसौदे के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) बंगलुरु–पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रमुख टोल बूथों पर ईवी चार्जिंग पॉइंट भी लगाएगा। राज्य सरकार ने गौरीबिदानूर (चिक्कबल्लापुर) और चिक्कमल्लीगेवाड़ा (धारवाड़) में बड़े ईवी क्लस्टर लगाने का भी प्रस्ताव दिया है। इसमें कहा गया है कि इन दोनों जगहों पर जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है जिसे संभावित निवेशकों को पेश किया जाएगा।

## ऑनलाइन ऑर्डर किया आईफोन, पार्सल का डिब्बा खोला तो बर्तन धोने का साबुन

**मुंबई।** आजकल लोग ऑनलाइन शॉपिंग पर ज्यादा भरोसा करते हैं। यह प्रक्रिया आसान भी लेकिन कई बार धोखा भी हो जाता है। महाराष्ट्र के ठाणे में एक २५ साल के युवक ने ४६ हजार रुपये का फोन ऑर्डर किया था। जब उसने डिलिवरी के बाद पैकेट खोला तो हैरान रह गया। इसमें कोई फोन नहीं बल्कि साबुन की तीन बट्टियां थीं।

युवक ने भायंदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस का कहना है कि डिलिवरी के दौरान रास्ते में ही उसके साथ धोखाधड़ी की है। फोन निकालकर किसी ने पैकेट में साबुन पैक कर गिए।

## अमृतसर से शिमला के लिए 16 नवंबर से शुरू होगी हवाई सेवा, इतना होगा एक तरफ का किराया

**शिमला, एजेंसी।** पंजाब के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर से शिमला के लिए 16 नवंबर से उड़ान सेवा शुरू होगी। जिसमें एक तरफ का किराया 1919 रुपए निर्धारित किया गया है। 'उड़ान योजना' के तहत किराए पर सरकार 50 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। इस उड़ान सेवा के शुरू होने से यात्री एक घंटे में अमृतसर से शिमला पहुंच पाएंगे। इससे पर्यटन उद्योग को फायदा मिलने की उम्मीद है। यह उड़ान सेवा प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को होगी। शिमला से अमृतसर के लिए सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर उडान भरेगी, जो सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर अमृतसर पहुंचेगी।

अमृतसर से शिमला के लिए सुबह 9 बजकर 35 मिनट पर उड़ान होगी और शिमला में सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर पहुंचेगी।

## हैदराबाद में बड़ा हादसा, कार की मरम्मत के दौरान शेड में लगी आग, सात लोगों की मौत, 3 घायल

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में हैदराबाद शहर के बाजारघाट, नामपल्ली इलाके में सोमवार सुबह कार की मरम्मत के दौरान कार शेड में लगी भीषण आग में दम घुटने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक आग चार मंजिला अपार्टमेंट के भूतल पर स्थित कार शेड में लगी। आग की लपटें तेजी से दूसरे कमरे में फैल गईं, जहां रासायनिक ड्रम रखे हुए थे, और तहखाने सहित पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं।

अग्निशमन कर्मियों ने अपार्टमेंट के निवासियों को खिड़कियों के माध्यम से सीढ़ी की सहायता से बाहर निकाला। आसपास के निवासी भयभीत हो गए, उन्हें



डर था कि कहीं आग उनके घरों तक न फैल जाए।

केमिकल से फैले धुएं से अपार्टमेंट के आसपास के इलाके प्रभावित हुए। इस बीच घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे डीसीपी वेंकटेश्वरलू ने मीडिया को बताया कि उनमें से कुछ की मौत हो गई और तीन अन्य दम घुटने के कारण घायल हो गए। सत्यापन के बाद ही मृतकों की सही संख्या पता चल सकेगी।

## गाजा में इजरायली हमलों में 11,180 फिलिस्तीनियों की मौत, मृतकों में 4,609 बच्चे भी शामिल

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर सात अक्टूबर से संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 11,180 हो गई है। गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय के निदेशक इस्माइल अल–थवाबतेह ने शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुल मौतों में से 4,609 बच्चे और 3,100 महिलाएं थीं, जबकि 28,000 से अधिक अन्य घायल हुए थे। अल–थवाबतेह ने कहा कि इजरायली हमलों और बिजली जनरेटर संचालित करने के लिए आवश्यक ईंधन की



कमी के कारण गाजा में 22 अस्पतालों और 49 स्वास्थ्य केंद्रों ने संचालन बंद कर दिया है।

उन्होंने इज़राइल पर गहन देखभाल इकाई, सर्जरी भवन और शिफ़ा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के प्रसूति वार्ड पर हमले शुरू करने का आरोप लगाया और गाजा में लड़ाई को रोकने और यहां के लोगों को ईंधन सहित सभी मानवीय आपूर्ति लाने के लिए तत्काल वैश्विक प्रयास का आह्वान किया। इज़राइल–हमास संघर्ष का नवीनतम दौर 7 अक्टूबर को शुरू हुआ जब हमास ने इज़राइल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया, हजारों रॉकेट दागे और इज़राइली क्षेत्र में घुसपैठ की, जबकि इज़राइल ने गाजा पट्टी पर हवाई हमले, जमीनी कार्रवाई और दंडात्मक उपायों का जवाब दिया जिसमें घेराबंदी शामिल थी।

## पाकिस्तान में धार्मिक नेता की गोली मारकर हत्या, अज्ञात हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में एक धार्मिक नेता मौलाना रहीमुल्लाह तारिक की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब वह एक धार्मिक सभा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनपर तोबड़तोड़ फायरिंग की जिससे उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मौलाना तारिक जैश–ए–मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर का बेहद करीबी था। पुलिस के अनुसार यह घटना टारगेट किलिंग का मामला प्रतीत होता है।

# राहुल गांधी का एमपी में 150 सीट जीतने का दावा, बोले– तोमर के बेटे के मामले में ईडी कहां है

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में 150 सीट जीतने का दावा किया है। उन्होंने सोमवार को भोपाल में रोड शो कर जनसभा को संबोधित किया। राहुल का रोड शो शाम 5.45 बजे उत्तर विधानसभा के इमामी गेट से शुरू हुआ जो मध्य विधानसभा के काली मंदिर के सामने समाप्त हुआ। करीब दो किलोमीटर के इस रोड शो में राहुल ट्रक में सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए चल रहे थे।

उन्हें देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई राहुल की एक झलक पाना चाहता था। राहुल के साथ उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी अतीफ अकील, मध्य से प्रत्याशी आरिफ मसूद, प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, प्रभारी सुरजेवाला सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने नरेला विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला के पक्ष में अशोक गार्डन में कॉर्नर सभा की। राहुल ने कहा कि देश के तीन बड़े व्यापारियों का कारोबार



पर कब्जा है। कर्नाटक में भाजपा नेता कह रहे थे हम जीतेंगे लेकिन जवाब जनता ने दे दिया। उन्होंने कहा कि एमपी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इसमें भाजपा के सब नेता जुड़े हुए हैं। एमपी में एमबीबीएस की सीट बिकती है। प्रधानमंत्री मोदी एमपी के भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं करते। उन्होंने कहा कि एमपी में लाखों लोगों को कोविड में इलाज नहीं मिला।

राहुल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार बनते ही 500 रुपये में गैस सिलिंडर दिया जाएगा।100 रुपये में 100 यूनिट बिजली दी जाएगी। राहुल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एमपी की सरकार चोरी की सरकार है। मौजूदा सरकार को जनता ने नहीं चुना है। राहुल ने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर का बेटा पांच सौ करोड़ की बात कर रहा है, लेकिन इसकी जांच नहीं हो रही है। हम पूछना चाहते हैं, इस मामले ईडी कहां है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने जनसभा में कहा कि हर चुनाव का अपना अलग मायने होता है। मैंने 44 साल तक चुनाव लड़े हैं और जीते हैं। यह चुनाव जो 17 नवंबर को होने वाला है यह सिर्फ मनोज शुक्ला का या किसी पार्टी का नहीं है। यह चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का है और आप मध्य प्रदेश के भविष्य के रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि शिवराज जी 4 महीने से कह रहे हैं कि 450 रुपये में सिलिंडर दूंगा, क्या किसी को 450 रुपये में सिलिंडर मिला। हम शिवराज सिंह चौहान को बेरोजगार नहीं करेंगे बल्कि एक्टिंग करने मुंबई भेजेंगे।

# सेमीफाइनल मैच में भारत के अरमानों पर फिर फिरेगा पानी



नई दिल्ली। भारत की मेजबानी में खेला जा रहा वनडे विश्व कप 2023 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं। इस विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होना है, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से होनी है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम धांसू प्रदर्शन करते हुए अंक तालिका पर टॉप के साथ सेमीफाइनल में पहुंची थी।

अब उनका सामना कीवी टीम से होना है, जिसने उन्हें विश्व कप 2019 में 18 रन से हराया था। ऐसे में रोहित शर्मा के पास मौका है कि वह पिछले सेमीफाइनल का बदला ले और टीम को फाइनल का टिकट दिलाए। बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल मैच 15 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। यह रोहित का होमग्राउंड भी है। ऐसे में वानखेड़े का मौसम कैसा रहने वाला है, आइए जानते हैं सेमीफाइनल मैच से पहले इस बारे में।

अगर बात करें मुंबई के वानखड़े के मौसम की तो वानखेड़े में 15 नवंबर को मुंबई के मौसम के साफ रहने की उम्मीद है और बारिश की कोई भी संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान 35 से 25 डिग्री तक रह सकता है। हवा 10 से 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बह सकती है और ह्यूमिडिटी 59% तक रह सकती है।

वानखेड़े स्टेडियम में बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है। इस मैदान पर बल्लेबाजों को बड़े शॉट्स खेलकर खूब रन बटोरते हुए देखा जाता है। इस मैदान की छोटी बाउंड्री होने से बैटर्स पूरा फायदा उठाते है। वहीं, पिच पर अच्छा बाउंस देखने को मिलता है, जिसकी वजह से यहां शॉट्स लगाना बेहद आसान रहता है। ऐसे में भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिलता है।




## भारत की धरती पर शर्मसार होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में आया भूचाल



नई दिल्ली। भारत की धरती पर वर्ल्ड कप 2023 में बुरी तरह से शर्मसार होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल आ गया है। टीम के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्केल ने वतन लौटने के साथ ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में नाकाम रही और टीम को 9 मैचों में पांच हार झेलने के बाद घर लौटना पड़ा।

मोर्ने मोर्केन ने दिया इस्तीफा

वर्ल्ड कप 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मोर्ने मोर्केल ने पाकिस्तान टीम के बॉलिंग कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। मोर्केल इस साल जून में छह महीने के कॉन्ट्रेक्ट पर टीम से जुड़े थे। पाकिस्तान के गेंदबाजों का प्रदर्शन विश्व कप में बेहद शर्मनाक रहा।

शाहीन शाह अफरीदी से लेकर हैरिस रऊफ तक की टूर्नामेंट में जमकर धुनाई हुई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मोर्केल के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है और उनके रिप्लेसमेंट का एलान जल्द किया जाएगा।

वर्ल्ड कप में ताकत ही बनी कमजोरी

वर्ल्ड कप 2023 के आगाज से पहले पाकिस्तान की सबसे बड़ी ताकत उनकी गेंदबाजी को माना जा रहा था। हालांकि, टूर्नामेंट में टीम की ताकत ही सबसे बड़ी कमजोरी बनकर उभरी। शाहीन अफरीदी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके और उन्होंने दिल खोलकर रन लुटाए। वहीं, हैरिस रऊफ और अन्य गेंदबाजों की बॉलिंग में भी वो धार नजर नहीं आई।

**बाबर की कप्तानी पर भी खतरा**

वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बनाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में काफी उथल-पुथल होने की उम्मीद पहले से ही जताई जा रही थी। अंतिम चार में नहीं पहुंचने के बाद मोर्ने मोर्केल समेत टीम के बाकी कोच की जॉब पर पहले से ही खतरा मंडरा रहा था। माना जा रहा है कि टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद बाबर आजम से भी कप्तानी छीनी जा सकती है।

# कोहली ने कैमरामैन से की खास गुजारिश

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने विश्व कप 2023 के लीग स्टेज के आखिरी मैच में नीदरलैंड्स को 160 रन से पटखनी दी। इस मैच में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम का प्रदर्शन कमाल का रहा।

मैच में शानदार परफॉर्मेंस के बाद टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाद विराट कोहली का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेंगलुरु हवाई अड्डे से मुंबई जाते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान वह अपनी बेटी वामिका की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए नजर आए। फैंस उनका यह अंदाज देख काफी इंप्रेस हुए।

वामिका की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए कैमरामैन से की खास गुजारिश

मुंबई के लिए उड़ान भरने से पहले बेंगलुरु हवाई अड्डे पर जब किंग कोहली पहुंचे तब फैंस उनके साथ तस्वीर क्लिक करने के लिए पहुंचे थे। हालांकि, किंग कोहली जल्दी में नजर आए और उन्होंने इस दौरान फैंस और कैमरामैन से खास गुजारिश की। कोहली ने अपनी बेटी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कहा कि ज्यादा समय न लें ,क्योंकि वह काफी थके हुए हैं और बेटी को घर जाना है।



रविवार को खेले गए मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ विराट कोहली ने 56 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी के दौरान उन्होंने एक विकेट चटकाया।

# आग बबूला हुए मोहम्मद आमिर, बोले—सिस्टम नहीं माइंडसेट की वजह से हुआ यह हश्र

नई दिल्ली। पाकिस्तान का वर्ल्ड कप 2023 का सेमीफाइनल खेलने का सपना अधूरा रह गया। टीम लगातार तीसरी बार वनडे विश्व कप के अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रही।

यह पहला मौका रहा, जब पाकिस्तान को वर्ल्ड कप के एक एडिशन में पांच और लगातार चार हार का मुंह देखना पड़ा। टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम सवालों के घेरे में हैं। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी बाबर की कप्तानी पर सवाल उठाते हुए उनकी जमकर क्लास लगाई है।

**बाबर पर जमकर भड़के आमिर**

मोहम्मद आमिर ने जीओ न्यूज के साथ बातचीत करते हुए कहा, "कप्तानी जाहिर तौर पर मैटर करती है। सिस्टम क्या होता है? यह






कोई दीवार नहीं है। पांच या छह लोगों को पाकिस्तान क्रिकेट को चलाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें कप्तान भी शामिल है। 1992 में इमरान खान की कप्तानी में हमने वर्ल्ड कप जीता था, तब भी सिस्टम सेम था। 1999 में हमने फाइनल तक का सफर तय किया था। 2009 में हमने इसी सिस्टम के साथ ही टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। इसी सिस्टम के अंडर में हमने साल 2017 में चैंपियन ट्रॉफी भी जीती।"

**'चार साल से कप्तान है बाबर'**

आमिर ने आगे कहा, "बाबर आजम पिछले चार साल से कप्तान हैं। उन्होंने अपनी टीम खड़ी की है। बटलर हमारे सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं, तो फिर इंग्लैंड इतना खराब क्यों खेली? क्या इंग्लैंड में भी सिस्टम को दुरुस्त करने की जरूरत है? 2015 में खराब प्रदर्शन के बाद मोर्गन ने कहा था कि मैं इस तरह की क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मुझे यह 25 खिलाड़ी चाहिए।"

उन्होंने आगे कहा, "सिस्टम तब भी सेम था, वो कप्तान था जिसने अपना माइंडसेट बदला। इंग्लैंड दो साल से टेस्ट क्रिकेट में संघर्ष कर रही थी। जो रूट कप्तान थे। सिस्टम सेम है, लेकिन हम कहते हैं कि इंग्लैंड टीम का टेस्ट क्रिकेट बदल गया है। इसको बदलने वाले बेन स्टोक्स हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com